Regarding request for making Katihar Parliamentary Constituency free from flood and erosion

श्री तारिक अनवर (कटिहार) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र कटिहार की तरफ दिलाना चाहता हूं ।

महोदय, वर्ष 2006 में पंचायती राज मंत्रालय ने कटिहार को देश के 250 सबसे पिछड़े जिलों में शामिल किया था । कटिहार बहुत ही संवेदनशील संसदीय क्षेत्र है । वह बाढ़ और कटाव से लगातार प्रभावित होता है । एक समय था, जब लोग कटिहार को उद्योग नगरी के नाम से जानते थे । आज कटिहार में उद्योग के नाम पर कुछ भी नहीं है । वहां इरोजन के कारण छोटे-छोटे किसानों की जमीन खत्म होती जा रही है । हमारे क्षेत्र में हर साल बाढ़ का प्रकोप आता है, लेकिन उसका एक समाधान जो प्रभावशाली ढंग से होना चाहिए, वह नहीं हो रहा है, जिसकी वजह से वहां लोग बहुत ही परेशान हैं ।

मैं आपके माध्यम से निवदेन करता हूं कि सिंचाई मंत्री इस बात पर ध्यान दें तथा कटिहार को बाढ़ और कटाव से मुक्त कराने के लिए कोई प्रभावशाली योजना बनाई जाए ।